समाचार

# महापौर के मार्गदर्शन में निगम कराएगा 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन

## (निगम की मेयर इन काउंसिल ने सर्वसम्मति से लिया ऐतिहासिक निर्णय, दशहरा पर्व पर 30 सितम्बर, 01 अक्टूबर व 02 अक्टूबर को होगा उक्त आयोजन)




कोरबा 29 अगस्त 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दशहरा पर्व के दौरान 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। निगम की मेयर इन काउंसिल ने इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए इस हेतु गठित समिति की देखरेख में आयोजन को भव्यतम स्वरूप दिए जाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर के विकास व विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो से संबंधित प्रस्तावों को भी एम.आई.सी.द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत की पहल पर 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इस मौके पर कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला एवं उनके द्वारा स्थापित आदर्श सर्वकालिक एवं सार्वभौमिक हैं, उनके द्वारा समाज के सामने रखें गए आदर्श आज भी उतने ही प्रासांगिक हैं, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनलीला पर आधारित रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजनों हेतु समय–समय पर निगम ने विभिन्न समितियों को अपना भरपूर सहयोग भी

दिया है, अब निगम स्वयं 03 दिवसीय रामलीला मेला व दशहरा उत्सव का आयोजन करेगा, जो स्वागत योग्य है। मेयर इन काउंसिल सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दशहरा पर्व के दौरान निगम द्वारा उक्त कार्यक्रम का भव्यतम आयोजन किया जाएगा।

**यू.पी.एस.सी. मेन्स उत्तीर्ण करने वालों को 01 लाख रू. की महापौर सम्मान निधि** – संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीद्वारों को प्रोत्साहन स्वरूप 01 लाख रूपये महापौर सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे, राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आज इस संबंध में मेयर इन काउंसिल द्वारा इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**विभिन्न प्रस्तावों पर लिए गए निर्णय** – आज सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में वार्ड क्र. 12 में मिनी गार्डन निर्माण व सौदंर्यीकरण, बुधिया पेट्रोल पम्प से गांधी चौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, अधोसंरचना मद अंतर्गत तैयार की गई कार्ययोजना का अनुमोदन, निगम के रिक्त भवनों के संचालन, विभिन्न वार्डो में प्रकाश व्यवस्था, वार्ड क्र. 39 में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 38 लालघाट में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 17 ढोढ़ीपारा में सांस्कृतिक मंच व अन्य कार्य, 20 एम. एल.डी. टी.टी.पी. निर्माण, पैनल लॉयर की नियुक्ति, निगम के साफ–सफाई कार्य, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राताखार चौक से नहरपुल तक सी.सी. रोड निर्माण, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट की विस्तृत परियोजना, विभिन्न जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, निगम के विभिन्न स्थलों में निर्मित हाल के आबंटन, दूरसंचार कम्पनियों द्वारा बिछाए गए भूमिगत केबल पर करारोपण, उद्यानिकी कार्य के लिए श्रमिक प्रदाय हेतु वार्षिक दर निर्धारण, विभिन्न वार्डो में साफ–सफाई कार्य हेतु प्राप्त निविदा दरों की स्वीकृति, सालिड वेस्ट मेनेजमेंट अंतर्गत कन्सलटेंट की नियुक्ति सहित अन्य विभिन्न प्रस्ताव एम.आई. सी.के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिस पर विचार विमर्श पश्चात मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय कुमार चन्द्रा, फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, उर्वशी राठौर, धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, भानुमति जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, विनोद शांडिल्य, सुनील टांडे, तपन तिवारी, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अरविंद सिंह, अरविंद वानखेड़े आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।